दिन–बुधवार                                                    दिनांक– 27 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                    अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए राज्य में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन।

02. दूसरे चरण के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। इस चरण मे राज्य की पाँच सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को होगी वोटिंग।

03. औरंगाबाद और पूर्णिया सीट को लेकर राजद कांग्रेस के बीच विवाद जारी। राजद ने बीमा भारती को पूर्णिया से सिंबल दिया। पप्पू यादव ने कहा हर हाल में पूर्णिया से ही लड़ेंगे चुनाव।

04. और, निर्वाचन आयोग ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर निर्वाचन अधिकारियों को मतदाताओं को पेयजल समेत सभी सुविधाएं मुहैया कराने का परामर्श जारी किया।

———————————————————————

उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए राज्य में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। इस चरण में राज्य की गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन चारों सीटों पर अब तक कुल दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

राज्य में पहले चरण के नामांकन का कार्य कल समाप्त हो जायेगा। गया सुरक्षित संसदीय सीट से हम प्रमुख जीतन राम मांझी, जमुई सुरक्षित सीट से लोजपा रामविलास के अरूण भारती, राष्ट्रीय जनता दल के अर्चना रविदास समेत सभी प्रमुख दलों और गठबंधन के प्रत्याशी कल अपना पर्चा दाखिल करेंगे। अबतक नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में औरंगाबाद से भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह और नवादा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुमार कुशवाहा प्रमुख हैं। अबतक औरंगाबाद से छह, गया से तीन और नवादा सीट से एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा भरा है। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को की जाएगी और दो अप्रैल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से रजनी कान्त चौधरी।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए कल अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में बिहार की पाँच लोकसभा सीटों समेत बारह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की नवासी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। राज्य की पांच

सामान्य लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और आठ अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे। इन क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————

महागठबंधन के प्रमुख दलों राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच कल बातचीत हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। ताजा जानकारी के अनुसार आज भी गठबंधन के दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं के बीच बातचीत जारी है। बैठक के बाद महागठबंधन की ओर से सीट बंटवारे की घोषणा किए जाने की संभावना है। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निखिल कुमार ने औरंगाबाद सीट को लेकर आरजेडी पर गठबंधन धर्म का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। श्री कुमार ने कहा कि औरंगाबाद सीट पर उनका दावा बनता है और कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में यह मुद्दा उठाया जायेगा।

———————————————————————

महागठबंधन में पूर्णिया सीट को लेकर भी मतभेद काफी बढ़ गया है। हाल ही में जदयू से इस्तीफा देकर राजद मे शामिल हुई बीमा भारती ने आज पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। श्रीमती भारती ने पूर्णिया में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने उन्हें सिंबल देकर चुनाव लड़ने भेजा है और वे मजबूती से लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि अगामी तीन अप्रैल को वे नामांकन दाखिल करेंगी।

———बाईट———

बीमा भारती की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता पप्पू यादव के पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। वहीं, पप्पू यादव ने कहा है कि पूर्णिया उनकी कर्मभूमि है और वे किसी भी स्थिति मे पूर्णिया सीट से ही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस मे विलय करने का निर्णय इसी शर्त पर किया था कि उन्हें पूर्णिया से कांग्रेस अपना उम्मीदवार बनायेगी।

————————————————————————

चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जन शक्ति पार्टी—रामविलास ने अरुण भारती को जमुई संसदीय सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। श्री पासवान ने आज उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। चिराग पासवान दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस में जमुई लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और इस बार उन्होंने हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जमुई में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए चिराग पासवान ने दावा किया की इस चुनाव में किशनगंज की सीट समेत सभी चालीस सीटें एनडीए गठबंधन जीतेगा।

———बाईट———

————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। पटना में एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास में दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। श्री कुशवाहा ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा है कि बड़े भाई नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया है। इधर, भाजपा नेता और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात को एनडीए की एकजुटता के प्रदर्शन के रूप मे देखा जा रहा है। उपेन्द्र कुशवाहा ने दावा किया है कि एनडीए राज्य की सभी चालीस सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

————————————————————————

समस्तीपुर के जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने आज जिले के विभिन्न बूथों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

————————————————————————

नवादा संसदीय सीट से भाजपा के घोषित उम्मीदवार विवेक ठाकुर ने आज वारसलीगंज के अफसाढ़ गांव में एक सभा को संबोधित किया। श्री ठाकुर ने शेखपुरा जिले के बरबीघा में भी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावीं रणनीति बनाई।

———————————————————————————

जमुई सीट से लोजपा रामविलास के घोषित उम्मीदवार अरूण भारती ने आज क्षेत्र का दौरा किया। श्री भारती कल अपना नामांकन करेंगे।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। यह परामर्श मौसम विभाग के इस वर्ष मार्च से जून के दौरान सामान्य से अधिक तापमान के पूर्वानुमान के बाद जारी किया गया है। आयोग ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों को साझा किया है। एक रिपोर्ट –

———बाईट———

चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदान दलों और मतदाताओं को आवश्यकता पडने पर ओआरएस मुहैया कराया जाए ताकि ये लोग गर्मी के मौसम में लू से खुद को बचा सके। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर पीने के पानी के लिए नल की स्थायी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही पेयजल के बर्तनों की पर्याप्त व्यवस्था भी करने के निर्देश चुनाव आयोग ने दिए हैं। इसके अलावा मतदान केंद्रों के अंदर केवल कुर्सी और बेंच की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पुरूष और महिला मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में अलग–अलग शौचालय होने चाहिए। साथ ही लोगों को तेज धूप से बचाने के लिए टेंट की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। चुनाव आयोग ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि मतदाताओं और मतदान कर्मचारियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संख्या में मेडिकल किट की व्यवस्था हो और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तैनाती मतदान केंद्रों पर की जाए। सुपर्णा सेकिया के साथ भूपेन्द्र सिंह आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

होली पर्व की समाप्ति के साथ ही खगड़िया संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। यहाँ तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना अगले माह 12 अप्रैल को जारी होगी। खगड़िया करेगा मतदान के संकल्प के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिले में स्वीप कोषांग की ओर से शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी, जीविका के अलावा प्रशासनिक एवं अन्य स्तरों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे ने कहा है कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, भयमुक्त और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पूरी तरह सचेष्ट है।

बाइट– जिला निर्वाचन पदाधिकारी अमित कुमार पांडे

पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह है।

नव मतदाता–उत्सव–

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर खगड़िया जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। जिला अंतर्गत चारो विधानसभा क्षेत्र में कुल 130 सेक्टर, 14 चेक पोस्ट, 12 फ्लाइंग स्कवाड टीम और बॉर्डर से लेकर नदी क्षेत्र में कुल 29 स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा ने बताया कि भयमुक्त मतदान को लेकर सुदूर ग्रामीण और दियारा इलाकों में लगातार सीएपीएफ/ एसटीएफ और बीएसएपी द्वारा जिला पुलिस के पदाधिकारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च एवं एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है और कई स्थानों पर तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर में सबसे अधिक तापमान छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी भाग को छोड़कर अधिकांश भागों में तापमान में औसतम दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले की बगहा पुलिस ने होली के दिन एक व्यवसायी की हत्या मामलें में जिले के लौरिया क्षेत्र से पाँच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन देशी कट्टा, कारतूस समेत अन्य समान बरामद कियें गए है।

————————————————————————

कटिहार पुलिस ने जिले के अमदाबाद और कुर्सेला थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस मामलें में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

बेगूसराय पुलिस ने लाखों थाना क्षेत्र के कासिमपुर में छापेमारी कर मिनी शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया है। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के उपकरण समेत दो अपरधियों को गिरफ्तार किया है।

---

भागलपुर जिले के घोघा थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्नूचक में गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक किशोर की डूब कर मौत हो गई।

---

पूर्वी चंपारण जिले के अदापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा औरेया इलाके से पुलिस ने सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराने के वायरल वीडियों मामलें में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

---

मुख्य समाचार

01. उन्नीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए राज्य में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन।

02. दूसरे चरण के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। इस चरण मे राज्य की पाँच सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को होगी वोटिंग।

03. औरंगाबाद और पूर्णिया सीट को लेकर राजद कांग्रेस के बीच विवाद जारी। राजद ने बीमा भारती को पूर्णिया से सिंबल दिया। पप्पू यादव ने कहा हर हाल में पूर्णिया से ही लड़ेंगे चुनाव।

04. और, निर्वाचन आयोग ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर निर्वाचन अधिकारियों को मतदाताओं को पेयजल समेत सभी सुविधाएं मुहैया कराने का परामर्श जारी किया है।

---

समाप्त हुआ।